Total Pages—6 **PG/IVS/HIN/404(A & B)/25**

M.A. 4th Semester Examination, 2025

HINDI

PAPER – HIN-404(A & B)

Full Marks : 50

Time : 2 hours

Answer **all** questions

The figures in the right hand margin indicate marks

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable

HIN – 404A

(*Premchand*)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10 × 2

   (क) 'रंगभूमि' उपन्यास के वैशिष्ट्यों पर प्रकाश डालिए। पाठ्यक्रम के अतिरिक्त प्रेमचंद के किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(*ख*) 'हिंसा परमो धर्मः' कहानी की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए। प्रेमचंद की आखिरी कहानी का क्या नाम है यह कब प्रकाशित हुई ?

(*ग*) 'कर्बला' नाटक के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए। इसके किन्हीं दो पात्रों के नाम बताइए।

(*घ*) प्रेमचंद की साहित्य संबंधी अवधारणा पर विचार कीजिए। प्रेमचंद के किन्हीं दो निबन्धों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *चार* का यथानिर्देश उत्तर दीजिए : 5×4

(*क*) 'ईदगाह' बालमनोविज्ञान की रोचक कहानी है' कथन की समीक्षा कीजिए।

(*ख*) 'जालपा' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(*ग*) रंगमंचीयता की दृष्टि से 'कर्बला' नाटक की समीक्षा कीजिए।

(*घ*) मत लजाओ दीदी! दिनभर आराम करने को जी तरसकर रह जाता है। इतना काम किसी दूसरे घर कर देती, तो

इससे कहीं आराम से रहती । ऊपर से वह एहसान मानता! यहाँ काम करते–करते मर जाओ; पर किसी का मुँह ही सीधा नही होता–की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

(ङ) 'नमक का दरोगा' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

(च) इस निर्णय की कहीं अपील नहीं । मजुर की जमानत कौन करता, कहीं शरण न थी, भागकर कहाँ जाता । दूसरे दिन से उसने विप्रजी के यहाँ काम करना शुरु कर दिया ।– गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

[Internal Assessment — 10 Marks]

HIN — 404B

(*निराला*)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10 × 2

(क) 'बिल्लेसुर बकरिहा' उपन्यास आर्थिक संबंधों में सामंती जड़ता, धूर्तता, पराजय और बेबसी की कहानी है–समीक्षा कीजिए । निराला रचित किन्हीं दो काव्य संग्रहों के नाम बताइए ।

(ख) कहानी कला के आधार पर 'भक्त और भगवान' कहानी की विवेचना कीजिए। निराला पर किन्हीं दो आलोचनात्मक पुस्तकों के नाम लिखिए।

(ग) 'राम की शक्ति पूजा' कविता का मुख्य प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। निराला का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(घ) 'हमारे साहित्य का ध्येय' निबंध के आधार पर निराला की साहित्य संबंधी अवधारणा पर प्रकाश डालिए। निराला द्वारा संपादित किन्हीं दो पत्रिकाओं के नाम बताइए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *चार* की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×4

(क) विजन–वन–वल्लरी पर
सोती थी सुहाग–भरी–स्नेह स्वप्न–मग्न
अमल–कोमल–तनु तरुणी–जुही की कली,
दृग बन्द किये, शिथिल,–पत्रांक में,
वासंती निशा थी;

(ख) जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर,
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर!

चूस लिया है उसका सार,
हाड़ मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार ।

(ग) अबे, सुन बे, गुलाब,
भूल मत जो पाई खुशबू, रंगोआब
खून चूसा खाद का तूने अशिष्ट,
डाल पर इतराता है केपीटालिस्ट

(घ) आज अमीरों की हवेली
किसानों की होगी पाठशाला,
धोबी, पासी, चमार, तेली
खोलेंगे अंधेरे का ताला
एक पाठ पढ़ेंगे, टाट बिछाओ

(ङ) तरु–तृण–वन–लता वसन,
अंचल में खचित सुमन,
गंगा, ज्यातिर्जल–कण
धवल धार हार गले

(च) देश में शुल्क लेकर शिक्षा देने वाले बड़े–बड़े विश्वविद्यालय हैं । पर इस बच्चे का क्या होगा ? इसके भी माँ है । वह देश की सहानुभूति का कितना अंश पाती है ? हमारी थाली की बची रोटियाँ, जो कल तक कुत्तों को दी जाती हैं । यही, यही हमारी सच्ची दशा का चित्र है ।

[Internal Assessment – 10 Marks]